हिमालयन वन अनुसंधान संस्थान, शिमला में स्वतंत्रता दिवस का आयोजन

स्वतंत्रता दिवस हर भारतवासी के लिये एक बहुत ही महत्वपूर्ण दिवस है क्योंकि इसी दिन वर्षों की गुलामी के बाद ब्रिटिश शासन से हमारे देश को आजादी मिली थी। समूचे भारत में इस दिन को देशवासियों द्वारा बड़ी ख़ुशी एवं उल्लास के साथ मनाया जाता है । इसी कड़ी में हिमालयन वन अनुसंधान संस्थान, शिमला में भी 70वां स्वतंत्रता दिवस बड़ी धूम-धाम एवं हर्षोल्लास से मनाया गया जिसमें संस्थान के अधिकारियों, कर्मचारियों तथा उनके परिवार के सदस्यों ने भाग लिया । संस्थान के निदेशक, डॉ. वी.पी. तिवारी ने ध्वजारोहण कर स्वतंत्रता दिवस का शुभारम्भ किया ।

इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए डॉ. वी.पी. तिवारी ने कहा कि यह दिन हम सब भारतीयों के लिये बेहद महत्वपूर्ण दिन है तत्पश्चात उन्होंने उन महान स्वतंत्रता सेनानियों के योगदान का उल्लेख किया और कहा कि उन्ही के अपूर्व साहस की बदौलत हम एक स्वतंत्र और शांतिपूर्ण जीवन जी रहे है । इसे देखते हुए हम सभी देशवासियों का यह कर्तव्य बन जाता है कि हम उन महान विभूतियों द्वारा दी गई कुर्बानियों को व्यर्थ न गवाएं और स्वन्त्रत भारत की प्रगति में हम भी अपना योगदान सुनिश्चित करें ।

डॉ. वी. पी. तिवारी ने आगे कहा कहा कि हमारा संस्थान वानिकी एवं पर्यावरण के क्षेत्र में कार्य करता है तथा वर्तमान दौर में जलवायु में हो रहे परिवर्तनों को एक बड़ी समस्या के रूप में देखा जा रहा है । ग्रीन हाउस गैसों के बड़ी मात्रा में उत्सर्जन से हिमालयी ग्लेशियरों के पिघलने की रफ्तार बढ़ रही है और यदि ग्लेशियर नहीं रहे तो फिर हिमालय भी नहीं बचेगा । इसी परिपेक्ष्य में उन्होंने कहा कि हिमालयन वन अनुसंधान संस्थान, *भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद* का एक छोटा परन्तु महत्वपूर्ण संस्थान है और पर्यावरण सरंक्षण में इसकी अहम भूमिका है । हमारा कार्यक्षेत्र परिषद के अन्य संस्थानों की अपेक्षा कठिन है और हमारे पास श्रमशक्ति बहुत सीमित है परन्तु फिर भी परिषद स्तर पर हमारे संस्थान को श्रेष्ठ संस्थानों में जाना जाता है । डॉ. तिवारी ने कहा कि आवश्यकता इस बात की है कि हम प्रयास करें कि अपने संस्थान को एक राष्ट्रीय संस्थान बनाने की दिशा में कार्य करें और ये तभी सम्भव हो पायेगा जब हम सभी तन-मन से कार्य करें ।

इसके उपरान्त संस्थान के सभागार में संस्थान के अधिकारियों, कर्मचारियों एवं उनके परिवार के सदस्यों विशेषकर बच्चों ने देश-भक्ति से ओत-प्रोत विभिन्न प्रस्तुतियां देकर सभी स्वतंत्रता सेनानियों तथा शहीदों को याद किया तथा समारोह में उपस्थित सभी लोगों का मनोरंजन किया।

डॉ. कुलराज सिंह कपूर, समूह समन्वयक अनुसंधान ने कहा कि भारत में स्वतंत्रता दिवस, सभी धर्म, परंपरा और संस्कृति के लोग पूरी खुशी से एक साथ मनाते हैं। उन्होंने अपने संबोधन में देश की एकता एवं अखंडता बनाए रखने पर बल दिया ।

इस आयोजन के अंत में डॉ. वी.पी. तिवारी, निदेशक, हिमालयन वन अनुसंधान संस्थान, शिमला ने पारितोषिक वितरित कर बच्चों को सम्मानित किया ।

कार्यक्रम का संचालन श्री प्रदीप भारद्वाज, उप-अरण्यपाल ने किया । उन्होंने इस अवसर पर उपस्थित संस्थान के अधिकारियों, कर्मचारियों एवं उनके परिवार के सदस्यों विशेषकर बच्चों का इस आयोजन में उपस्थित होने के लिए धन्यवाद किया ।

स्वतंत्रता दिवस की झलकियाँ

HFRI

जय हिन्द

जय भारत